Title: Regarding setting up of a Commission to probe anti sikh riots during the year 1984.

श्री जे.एस. बरार (फरीदकोट) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं और मैं आपके हुक्म के मुताबिक पढ़ूंगा नहीं, केवल दो मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं सरकार का ध्यान, आपके जरिए, अतिसंवेदनशील मुद्दे की तरफ दिलाना चाहता हूं, जो राजनीतिक नहीं है, जिसके जख्म और पीड़ा हर हिन्दुस्तानी को है।

कल की टिप्पणियां हैं जो राज्य सभा में भी हुई हैं। १९८४ के दंगों को आज १५ वर्ष बीत गये हैं। यहां कई सरकारें आईं और कई चली गईं। बहुत बड़े-बड़े इल्जाम एक दूसरे के ऊपर लगते रहे हैं। बहुत बड़े नेता जो कहते रहते थे कि १९८४ के दंगों के दोषी लोगों को सजा मिलनी चाहिए, लेकिन उनको अभी तक सजायें नहीं मिली हैं। कल होम मिनिस्टर साहब ने जो टिप्पणी दी है कि हम कमीशन बनायेंगे और इसका ऐलान

उन्होंने राज्य सभा में किया है। मैं अपनी पार्टी का और अपने पंजाब के अन्य कुलीग्स का स्टैंड बिल्कुल क्लीयर करना चाहता हूं कि कोई भी प्रोब जो माननीय प्रधानमंत्री आर्डर करेंगे, उस प्रोब में दोषी लोगों को सजाएं मिलें और जो लोग यह इल्जाम लगाते रहे हैं, पंजाब के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को इन मुद्दों पर मैनडेट दी है कि हमने ८४ के दंगों पर इस सदन में हमेशा सरकार और चेयर का ध्यान आकर्षित किया है।

... (व्यवधान)
इसलिए जो गलत टिप्पणियां की जा रही हैं, १५ वर्ष बीत गए हैं, मैं एक ही बात कहकर समाप्त करूंगा, जिन लोगों ने देश की जंगे आजादी से लेकर कारगिल वार तक कुर्बानियां की हैं, सारे विश्व में इस मुद्दे पर एक गंभीर चिन्तन और लोगों को इसके जख्म का बहुत भारी दुख है। मैं चाहूंगा कि जो लोग अपनी सरदार पटेल से तुलना करते हैं, मैं उनसे यह विनती करूंगा कि यदि उनमें दम है, चाहे ८४ के दंगों के लिए कोई भी जिम्मेदार है, बड़े से बड़ा लीडर जिम्मेदार है, उसे सजा दिलवाने में वे पूरा जोर लगवाएं। कांग्रेस पार्टी का स्टैंड इसपर बिल्कुल क्लीयर है कि दोषी लोगों को सजा मिलनी चाहिए और प्रोब आर्डर होना चाहिए। धन्यवाद। ... (व्यवधान)

श्री बलबीर सिंह (जालन्धर) : मैं जानना चाहता हूं कि पंजाब के अकाली भाइयों का क्या स्टैंड है?

... (व्यवधान)

*m02

श्री शमशेर सिंह दूलो : हम यह भी चाहते हैं कि जब पंजाब में मिलिटैंसी शुरु हुई, उसके बारे में भी कमीशन बनना चाहिए। कौन लोग जिम्मेदार हैं, किन लोगों ने पंजाब में मिलिटैंसी को उभारा, किन लीडरों ने मिलिटैंट्स को घर में रखा और कत्ल करवाए? इसके बारे में भी कमीशन बनना चाहिए।

... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप इतना ही कहना चाहते हैं-

I associate with what Shri Brar has said.

श्री शमशेर सिंह दूलो : हम यह भी मांग करते हैं कि पंजाब में मिलिटैंसी कब शुरू हुई, किन लोगों ने शुरू की, किन लोगों ने पोलीटिकल लोगों के कत्ल करवाए, किन लोगों ने उनको घर में रखा, पनाह दी, शैल्टर दी और पैसा दिया, इस बारे में भी पंजाब में कमीशन बनना चाहिए।

... (व्यवधान)
पंजाब में जो २५,०००

innocent

या बेकसूर लोगों के कत्ल हुए हैं उस कत्लेआम का जिम्मेदार कौन है, इसके बारे में भी कमीशन बनना चाहिए।

... (व्यवधान)
तो देश के लोगों को पता चले कि इसके पीछे कौन सी शक्तियां काम करती हैं । और किन्होंने आतंकवाद फैलाया ।